प्रेस नोट CYBER CRIME

शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 05.05.2025

"साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा तीन शिकायतों में शिकायतकर्ताओं के साथ हुई आनलाइन धोखाधड़ी की कुल धनराशि रु0 56,900/- वापस कराई गयी"

श्री रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली, जोन बरेली एवं डा0 राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बरेली, परिक्षेत्र बरेली महोदय के निर्देशन में, श्री राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम संबंधित घटनाओं को गम्भीरता से लिया जा रहा तथा साइबर अपराध की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। श्री भंवरे दिक्षा अरुण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल पर्यवेक्षण में श्री इन्द्रपाल सिंह, प्रभारी साइबर क्राइम थाना के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम को साइबर ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की विशेष निगरानी एवं साइबर क्राइम से ठगे गये लोगों को उनकी धनराशि वापस कराये जाने के सम्बन्ध में कडे दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में उपरोक्त शिकायतकर्ताओं की प्राप्त शिकायतों का साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ताओं से संबंधित शिकायतों की डिटेल्स प्राप्त कर गहनता से छानबीन कर उनके साथ हुई आनलाइन धोखाधडी की शत प्रतिशत धनराशि वापस करायी गयी।

संक्षिप्त विवरणः-

1. श्रीमती अनुराधा निवासी सी – 73 रामनगर पुलिस लाइन, थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर शिकायत दर्ज कराई की किसी व्यक्ति द्वारा प्रार्थिनी के अकाउंट से यूपीआई के माध्यम से रु0 4,900/- की आनलाइन धोखाधडी कर किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिये गये है।
2. श्री अंकित कुमार पुत्र शिव शंकर लाल निवासी हाउस नं0-951 , बदुजई प्रथम थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई की किसी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से रु0 18,000/- की आनलाइन धोखाधडी कर करते हुए आनलाइन शापिंग की पैमेंट की है।
3. श्री इशव शर्मा पुत्र राकेश कुमार शर्मा निवासी मोहल्ला पक्का कटरा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा साइबर क्राइम हेल्पलाइन वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई की किसी व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से रु0 33,900/- की आनलाइन धोखाधडी कर करते हुए आनलाइन शापिंग की पैमेंट की है।

शाहजहाँपुर पुलिस की साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ताओं ने पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

जागरुक रहे-सजक रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।
साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं0 1930 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

पुलिस टीम का विवरण:-

1-निरीक्षक श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0
2-उ0नि0 रोहित कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
3-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
4-का0 पुष्पेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
5-का0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0
6-म0का0 अमिता त्रिपाठी साइबर क्राइम थाना शाह0